संख्या-145/2025/ 893/ 002-23-6099-099-128-2025

प्रेषक,

शिव कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-6 **लखनऊ दिनांक** 28-03-2025

विषयः-वित्तीय वर्ष 2024-2025 में राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत प्रदेश के कतिपय जनपदों के 09 सेतुओं के चालू निर्माण कार्य हेतु धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियंता, (31वां वृत्त सेतु), लो0नि0वि0, लखनऊ के पत्र (निम्न तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित) के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत प्रदेश के कतिपय क्षेत्रों के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों के 09 सेतुओं के चालू निर्माण कार्यों हेतु निम्नानुसार रू0 4839.77 लाख (रूपये अड़तालीस करोड़ उनतालीस लाख सतहत्तर हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	कार्यालय मुख्य अभियन्ता (सेतु) लखनऊ का पत्र	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य	स्वीकृति का शासनादेश संख्या	स्वीकृत / प्राविधिक/ बचत/ बचत के उपरान्त कार्य की लागत	अब तक आवंटन	अवशेष	क्षेत्र से मांग	वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटन		
									अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	योग (10+11)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	**12989**/CE-SEB/RYB/GKP/2024-25 Dt- 25-03-2025	**सेतु निगम देवरिया**	सरयू (घाघरा) नदीपरसिया / देवार एवं बरहज के मध्य सेतु	**116/2022/1054/23-10-22-195 (setu)/2013-दिनांक-19-09-2022**	16114.43/ 16114.43/ 7.87/ 16106.56	13885.76	2220.8	619.36	**487.99**	**131.37**	**619.36**
2	**12669**/CE-SEB/RYB/BAN/2024-25 Dt- 07-03-2025	**सेतु निगम चित्रकूट**	जनपद चित्रकूट में भरत कूप में फतेहगंज मार्ग पर बानगंगा नदी पर सेतु, पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य।	**04/2021/770/23 -10-20-08 (सेतु/(2020 दिनांक-12-01-2021**	1059.57/ 785.13/ 0.00/ 785.13	761.59	297.98	23.54	**18.55**	**4.99**	**23.54**
3	**13012**/CE-SEB/RYB/LKO/2024-25 Dt- 26-03-2025	**नि-.ख.1 उन्नाव**	जनपद उन्नाव में विकास खण्ड मियागंज के ग्राम सण्डीलाचकलवंशी- बिठूर--चैबेपुर मार्ग (रा0मा0 सं0-166) के किमी0-31 से बरहा कलों पर लघु सेतु, पहुंच	**192/2023/1137/23-10002/9/2023 दिनांक-04-10-2023**	166.76/ 166.76/ 0.14/ 166.62	158.29	8.33	8.33	**6.56**	**1.77**	**8.33**

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

क्र0 सं0	कार्यालय मुख्य अभियन्ता (सेतु) लखनऊ का पत्र	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य	स्वीकृति का शासनादेश संख्या	स्वीकृत / प्राविधिक/ बचत/ बचत के उपरान्त कार्य की लागत	अब तक आवंटन	अवशेष	क्षेत्र से मांग	वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटन		
									अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	योग (10+11)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
			मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण।								
4	तदैव	**नि-.ख.1 उन्नाव**	जनपद उन्नाव में विकास खण्ड मियागंज के ग्राम सण्डीलाचकलवंशी-बिठूर- - चैबेपुर मार्ग (रा0मा0 सं0-166) के किमी0-45 से कोरारी खुर्द (शारदा नहर) पर लघु सेतु, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण कार्य।	**192/2023/1137/23-10002/9/2023 दिनांक-04-10-2023**	177.58/ 177.58/ 0.18/ 177.40	168.51	8.89	8.87	**6.99**	**1.88**	**8.87**
5	**13013**/CE-SEB/RYB/MIR/2024-25 Dt- 26-03-2025	**सेतु निगम मिर्जापुर**	जनपद मीरजापुर को जनपद भदोही से आपस में जोड़ने हेतु गंगा नदी पर रामपुरघाट पर दीर्घ सेतु, पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य एवं भूमि अध्याप्ति के निर्माण कार्य।	**59/2024/133/001-133-23-10002-002-4-2024 दिनांक-06-03-2024**	33970.89/ 33970.89	11889.81	22081.08	4000	**3151.6**	**848.4**	**4000**
6	**12665**/CE-SEB/RYB/AZM/2024-25 Dt-07-03-2025	**नि0ख0 मऊ**	जनपद मऊ में दोहरीघाट मधुबन मार्ग के किमी0-3 में आर0सी0सी0 पुलिया एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	**55/2020/194-23-10-20-73(सेतु/(2019 दिनांक-23-03-2020**	85.23/ 85.23	30.00	55.23	50.97	**40.16**	**10.81**	**50.97**
7	तदैव	**नि0ख0 बलिया**	जनपद बलिया में भीखा छपरा से रानीगंज बाजार मार्ग पर 5x6 मी0 स्पान का लघु सेतु का निर्माण कार्य।	**24/2019/324/23-10-19-08(सेतु/(2019 दि0 08.03.2019**	139.08/ 139.08/ 0.14/ 138.94	90.00	48.94	48.94	**38.56**	**10.38**	**48.94**
8	तदैव	**सेतु निगम बलिया**	जनपद बलिया में विकास खण्ड सोहांव के अन्तर्गत कथरियाफिरोजपुर मार्ग पर - मगही नदी पर सेतु पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य।	**14/2021/164/23-10-21-20(सेतु/(2020- दिनांक-29-01-2021**	815.55/ 809.97	757.80	52.17	11.67	**9.19**	**2.48**	**11.67**
9	तदैव	**सेतु निगम बलिया**	जनपद बलिया में विकास खण्ड सोहांव के अन्तर्गत चितबड़ागांवपक्की कोर्ट के - सम्पर्क हेतु टोंस नदी पर सेतु, पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य निर्माण।	**55/2021/394/23-10-21-19(सेतु/(2020 दिनांक-25-03-2021**	1750.65/ 1750.65	1594.94	155.71	68.09	**53.65**	**14.44**	**68.09**
कुल योग-									**3813.25**	**1026.52**	**4839.77**

(रूपये अड़तालीस करोड़ उनतालीस लाख सतहत्तर हजार मात्र)

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

(1) उक्त धनराशि केवल अंकित परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

(2) राज्य योजनान्तर्गत निर्माणाधीन सेतु की गुणवत्ता एवं निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण किया जाय तथा समीक्षा रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाय।

(3) उक्त सेतु के अंश, लोक निर्माण अंश में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष पृथक-पृथक वित्तीय प्रगति सहित वास्तविक भौतिक प्रगति तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं उनके स्थलीय फोटोग्राफ शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(4) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक-04 मार्च 2024 में दिये गये दिशा निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) उक्त तालिका के स्तम्भ-5 में अंकित मूल स्वीकृति के शासनादेशों में उल्लिखित शर्तें व प्रतिबंध आदि यथावत लागू रहेंगी।

(6) लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का ऑनलाईन आवंटन किये जाने हेतु डी.डी.ओ. कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं.-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 निर्गत किया गया है। अत: अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

(7) यदि उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव व सूचनाओं में कोई विसंगति/त्रुटि पायी जाती है, तो इसके लिए मुख्यालय/निगम/क्षेत्र के संबंधित अधिकारी पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे। यदि पूर्व में इस कार्य के लिए धनराशि आवंटित की जा चुकी हैया अधिक धनराशि आवंटित हुई है, तो सम्बन्धित खण्ड/मुख्य अभियन्ता की जिम्मेदारी होगी कि उक्त धनराशि को समपर्ण किया जाय। इसके अतिरिक्त मुख्यालय/निगम/ क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों द्वारा यदि किसी प्रस्ताव में कोई गलत सूचना देकर या छिपाकर अधिक धनराशि शासन से अवमुक्त करा ली जाती है अथवा व्यपगत धनराशि को चालू कार्य के रूप में स्वीकृत करा लिया जाता है, तो उनके विरूद्व कठोर कार्यवाही के साथ ही यथापेक्षित धनराशि की वसूली भी सुनिश्चित की जायेगी।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 38,13,25,000 (रुपये अड़तीस करोड़ तेरह लाख पच्चीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20242025 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 057 **लेखा शीर्षक** 5054041010421 कृषि विपणन सुविधा हेतु ग्रामीण सेतु निर्माण कार्य (चालू योजना) **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 10,26,52,000 (रुपये दस करोड़ छब्बीस लाख बावन हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20242025 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 083 **लेखा शीर्षक** 5054047891400 कृषि विपरण सुविधाओं हेतु ग्रामीण सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य) **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनाँक- 04-मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(शिव कुमार)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।

(2) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।

(3) संबंधित मण्डलायुक्त/संबंधित जिलाधिकारी ।

(4) संबंधित मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग ।

(5) मुख्य अभियंता (सेतु), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।

(6) प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ।

(7) संबंधित कोषाधिकारी।

(8) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8।

(9) राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/2 ।

(10) नोडल अधिकारी, बजट आवंटनप्रणाली,लोक निर्माण विभाग ।

(11) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शिव कुमार)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।